मन्दिर-गमन, पूजन, हरेकृष्ण कीर्तन, अर्चा-विग्रह के लिये पुष्प-चयन, नैवेद्य बनाना तथा प्रसाद ग्रहण करने जैसी विधियाँ पालनीय हैं। शुद्धभक्त के मुखारविन्द से श्रीभगवद्गीता और श्रीमद्भागवत का नित्य-निरन्तर श्रवण करना चाहिए। जो कोई यह अभ्यास करता है, उसे भगवत्प्रेम की प्राप्ति हो सकती है, जिससे भगवद्धाम के मार्ग में प्रगति निश्चित हो जाती है। अस्तु, गुरुदेव के आज्ञानुसार भक्तियोग का नियमित रूप से अभ्यास करने पर भगवत्प्रेम की अवस्था अवश्य अति शीघ्र सुलभ हो जायगी।

अभ्यासेऽप्यसमर्थोऽसि मत्कर्मपरमो भव।
मदर्थमपि कर्माणि कुर्वन्सिद्धिमवाप्स्यसि।।१०।।

अभ्यासे=अभ्यास करने में; **अपि**=भी; **असमर्थः असि**=समर्थ नहीं है; **मत्कर्मपरमः**=मेरे लिए कर्म करने के ही परायण; **भव**=हो; **मदर्थम्**=मेरे लिए; **अपि**=भी; **कर्माणि**=कर्म; **कुर्वन्**=करता हुआ; **सिद्धिम्**=मेरी प्राप्ति रूप सिद्धि को; **अवाप्स्यसि**=प्राप्त होगा।

अनुवाद

यदि तू विधिपूर्वक भक्तियोग को अभ्यास भी नहीं कर सकता, तो मेरे लिए कर्म करने के ही परायण हो, क्योंकि मेरे लिए कर्म करने से भी मेरी प्राप्तिरूप सिद्धि को प्राप्त हो जायगा।।१०।।

तात्पर्य

जो गुरु के आज्ञानुसार विधि-विधान सहित भक्तियोग का अभ्यास नहीं कर सकता, उसे भी श्रीभगवान् की प्रीति के लिए कर्म करने में लगा कर भगवत्प्रेमरूप संसिद्धि की ओर अग्रसर किया जा सकता है। इस प्रकार भगवत्परायण कर्म करने की विधि का वर्णन ग्यारहवें अध्याय के पचपनवें श्लोक में किया जा चुका है। कृष्णभावनामृत के प्रचार के लिए मन में सहानुभूति का भाव रहे। ऐसे अनेक भगवद्भक्त हैं, जो कृष्णभावना के प्रचार-प्रसार में प्राणपण से मग्न हैं; उन्हें सहायता और सहयोग की अपेक्षा है। अतः जो स्वयं भक्तियोग का आचरण न कर सकता हो, वह मनुष्य भी प्रचार-कार्य में सहयोग दे कर कल्याण का पात्र बन सकता है। किसी भी कार्य के लिये भूमि, पूंजी, व्यवस्था और परिश्रम की आवश्यकता होती है। व्यापार की भाँति, श्रीकृष्ण की सेवा में भी रहने के लिये स्थान, उपयोग के लिये पूंजी, कार्य के लिये परिश्रम और विस्तार के लिये व्यवस्था चाहिये। दोनों में अन्तर यह है कि एक ओर जहाँ सांसारिक कर्म इन्द्रियतृप्ति के लिए किया जाता है; दूसरी ओर, वही कर्म श्रीकृष्ण की प्रीति के लिए किए जाने पर दिव्यता प्राप्त कर लेता है। यदि कोई धनवान् है तो वह कृष्णभावना के प्रचारार्थ कार्यालय अथवा मन्दिर बनाने और ग्रन्थप्रकाशन में सहयोग कर सकता है। कर्म के विविध क्षेत्र हैं। कृष्ण सेवा के लिए इन सभी कर्मों में रुचि लेनी चाहिए। अपनी क्रियाओं के फल का त्याग करने में असमर्थ होने पर भी कम से कम कृष्णभावना के प्रचार में उसके कुछ अंश का समर्पण तो किया जा ही सकता है। कृष्णभावना के प्रचार के लिए स्वेच्छा से इस